# CGBSE PARAKH

## आदर्श प्रश्न पत्र 2025–26

## कक्षा–12 वीं कृषि

## विषय – फसल उत्पादन एवं उद्यान शास्त्र (420)

पूर्णांक 75          समय 3 घंटे

---

निर्देश–

01. प्रश्न क्रमांक एक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है इनमें दो खंड है खंड अ में 10 बहुविकल्पीय प्रश्न और खंड ब में पांच रिक्त स्थान वाले प्रश्न है जिनमें प्रत्येक में एक अंक निर्धारित है।
    Question number 1 is an objective type question. It has two sections: Section A contains 10 multiple-choice questions and Section B contains five fill-in-the-blank questions, each carrying one mark.
02. प्रश्न क्रमांक 2 से 7 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आवंटित है उत्तर की अधिकतम सीमा 30 शब्द है।
    Questions 2 to 7 are short answer questions. Each question carries 2 marks. The maximum answer limit is 30 words.
03. प्रश्न क्रमांक 8 से 11 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आवंटित है उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है।
    Questions 8 to 11 are short answer type questions. Each question carries three marks. The maximum word limit for answers is 50 words
04. प्रश्न क्रमांक 12 से 15 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आवंटित है उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 से 100 शब्द है।
    Questions 12 to 15 are long-answer questions. Each question carries 4 marks. The maximum word limit for answers is 75 to 100 words.
05. प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आवंटित है उत्तर की अधिकतम सीमा 100 से 150 शब्द है।
    Questions 16 to 19 are long-answer questions. Each question carries 5 marks. The maximum answer limit is 100 to 150 words.

---

**प्रश्न 1 खण्ड (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए–** **[1 x 10=10]**

**Question number 1, Section A, select the correct option and write:**

**(i)–आप्टिकल स्क्वायर का कार्य कर सकता है :** **[1]**

अ– लक्ष्य दंड      ब– लंब दंड

स– क्रास स्टाप      द– खुँटियाँ

Can act as optical squre:

A. Aim rod      B. Perpendicular rod

C. Cross stop      D. Ploughshare

**(ii)**– क्षेत्र पुस्तिका में लिखा जाता है : **[1]**

अ–ऊपर से नीचे ब–नीचे से ऊपर

स–बाए से दाएं द–दाएं से बाएं

It is written in the field book as:

A. Top to bottom B. Bottom to top

C. Left to right D. Right to left

**(iii)**–इनमें से एक वर्षीय खरपतवार नहीं है - **[1]**

अ–मकोय ब–बथुआ

स–हजार दाना द–दूब घास

Which of the following is not an annual weed-

A. Poppy B. Bathua

C. Thousand grain D. Dub grass

**(iv)**– पौध संरक्षण के तहत पौधों की रक्षा की जाती है– **[1]**

अ–कीट पतंग से ब–रोगों से

स–खरपतवारों से द–उपयुक्त सभी

Plant protection measures protect plants from:

A. Insects B. Diseases

C. Weeds D. All of the above

**(v)**– बीज उपचार में प्रयुक्त होने वाला फफूंदीनाशी है : **[1]**

अ– 2–4डी ब–एल्ड्रिन

स–एंडोसल्फान द–थायरम

The fungicide used in seed treatment is:

A. 2-4D B. Aldrin

C. Endosulfan D. Thiram

**(vi)**– धूम्रक कीटनाशी के उदाहरण है : **[1]**

अ–मेलाथियान ब–एथिलीन डिब्रोमाइड

स–रोगर द– मोनोक्रोटोफास

The Example of fumigant insecticide is:

A. Malathion B. Ethylene dibromide

C. Rogor D. Monocrotophos

**(vii)**– धान में लगने वाला कीट नहीं है–: **[1]**

अ–माहों ब–तना छेदक

स–फली भेदक द–गन्धी बग

Which insect not attacks in Paddy:

A. Aphid B. Stem borer

C. Pod borer D. Gandhi bug

**(viii)**– एक अच्छा फसल चक्र है : **[1]**

अ–धान–गेहूं ब–मक्का–आलू

स–ज्वार–गेहूं द– धान–चना

A Good crop rotation is:

A. Rice–wheat B. Maize–potato

C. Sorghum–wheat D. Rice–gram

**(ix)**– कौन सी फसल शुष्क खेती हेतु उपयुक्त है : **[1]**

अ–धान ब–गेहूं

स–गन्ना द–बाजरा

Which crop is suitable for dryland farming:

A. Paddy B. Wheat

C. Sugarcane D. Pearl millet

**(x)**– मुगल गार्डन स्थित है : **[1]**

अ–श्रीनगर ब–दिल्ली

स–गुडगांव द–आगरा

Mughal Garden is located in:

A. Shrinagar B. Delhi

C. Gurgaon D. Agra

**प्रश्न क्रमांक 1 खंड (ब) :- रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए** **[1x5=5]**

**Question No. :-1 Section (B) Fill in the blanks**

**(i)** सुपर स्टार ........................................ की जाति है। **[1]**

Super Star is variety of ....................................

**(ii)** अमरूद.............................................................. कुल का पौधा है । **[1]**

Guvava is plant of .................................... family.

**(iii)** आंवला का व्यवासायिक वनस्पतिक प्रवर्धन विधि .................................... है।

The commercial vegetative propagation method of Amla is ....................

**[1]**

**(iv)** टमाटर सॉस में परिरक्षी पदार्थ .................................... उपयोग होता है। **[1]**

The preservative ..................................... is used in tomato sauce.

**(v)** दशहरी ..................................................................की किस्म है। **[1]**

Dussehri is a variety of .....................................

प्रश्न 2. जल निकास एवं सिंचाई में कोई दो अंतर लिखिए । **[2]**

Write any two differences between drainage and irrigation.

प्रश्न 3. खरपतवार से आपका क्या अभिप्राय है ? **[2]**

What is meant by weed?

प्रश्न 4. खैरा रोग किसे कहते है ? यह रोग किस कारण से होता है। **[2]**

What is Khaira disease? What is the cause of it.

प्रश्न 5. यदि आपको एक नई गुलाब की किस्म विकसित करनी है जो अधिक दिनों तक ताजी बनी रही, तो आप किस प्रकार के पौध प्रसारण विधि का चयन करेंगे और क्यों ? **[2]**

If you want to develop a new rose variety that stays fresh for a longer period, what type of plant propagation method would you choose and why?

प्रश्न 6. आचार मे सिरका क्यों मिलाया जाता है ? **[2]**

Why is vinegar added to pickles ?

प्रश्न 7. श्रव्य दृश्य सामग्री क्या होता है उदाहरण देकर समझाइए कि ये शिक्षा मे कैसे सहायक होती है। **[1+1=2]**

Explain with examples what audio-visual aids are and how they are helpful in education.

प्रश्न 8. यदि किसी खेत में जल भराव की समस्या हो तो आप जल निकास की आवश्यकता को कैसे उचित ठहराएंगें तीन कारणों सहित समझाइए। **[1x3=3]**

If there is a problem of waterlogging in a field, how will you justify the need for drainage explain with three reasons.

प्रश्न 9. एक रेखा को नापने के लिए मैट्रिक चैन प्रयोग किया गया जिसकी लंबाई 500 मीटर थी किंतु बाद में पता चला की चेन 0.3 मी बड़ी थी रेखा की वास्तविक दूरी ज्ञात कीजिए। **[3]**

A metric chain was used to measure a line whose length was 500 m. But later it was found that the chain was 0.3 m longer. Find the actual distance of the line.

प्रश्न 10. धान की खेती के लिए पारंपरिक एवं आधुनिक विधियों में से कौन–सी अधिक उपयोगी है? अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।। **[3]**

In paddy cultivation of traditional and modern methods, which one is more useful? Share your views.

**प्रश्न 11.** आदर्श प्रसार कार्यकर्ताओं के सामान्य गुण का विश्लेषण कीजिए तथा स्पष्ट कीजिए कि यह गुण ग्रामीण विकास कार्यक्रमों की सफलता में कैसे सहायक होते हैं । **[2+1=3]**

Analyse the common qualities of ideal extension workers and explain how these qualities contribute to the success of rural development programmes.

**प्रश्न 12.** यदि किसी किसान की फसल में पत्तियों पर पीले धब्बे मुरझाना तथा वृद्धि रुक जाना जैसे लक्षण दिखाई दे तो आप पादप रोगों के अपने ज्ञान का उपयोग करके पहचान कैसे करेंगे और उचित नियंत्रण के उपाय क्या सुझाएंगे ? **[4]**

If a farmer's crop shows symptoms like yellow spots on leaves, wilting and stunted growth, how would you identify the disease using your knowledge of plant diseases and suggest appropriate control measures?

अथवा / OR

यदि आपके खेत में विभिन्न प्रकार के कीट फसल को नुकसान पहुचा रहें हो तो आप कीट नियंत्रण की प्रमुख विधियों का प्रयोग कैसे करेंगे ताकि फसल की सुरक्षा हो सके ? उदाहरण सहित समझाइए।

If different types of insect are damaging the crops in your field, how would you apply the major methods of pest control to ensure crop protection? Explain with examples.

**प्रश्न 13.** फसल चक्र से होने वाले चार लाभ लिखिए। **[1x4=4]**

Write four benefits of crop rotation

अथवा / OR

सह खेती से होने वाले चार लाभ लिखिए

Write four benefits of intercropping .

**प्रश्न 14.** विशिष्ट खेती की तुलना में विविध खेती के क्या फायदे हैं अपना विचार प्रस्तुत करें । **[4]**

What are the advantages of diversified farming over specialized farming? Give your opinion.

अथवा / OR

शुष्क खेती की तुलना में सिंचित खेती के क्या फायदें हैं अपना विचार प्रस्तुत करें।

What are the advantages of irrigated farming over dry farming? Give your opinion.

**प्रश्न 15.** अश्वगंधा की खेती का वर्णन निम्न शीर्षकों के अंतर्गत कीजिए :

**[1+1+1+1=4]**

अ– मृदा

ब– जलवायु

स– औषधीय गुण (कोई दो)

द– उन्नत किस्म (कोई दो)

Describe the cultivation of Ashwagandha under the following headings:

A. Soil

B. Climate

C. Medicinal properties (any two)

D. Improved varieties (any two)

अथवा/OR

तुलसी की खेती का वर्णन निम्न शीर्षकों के अंतर्गत कीजिए :

अ– मृदा

ब– जलवायु

स– औषधीय गुण (कोई दो)

द– उन्नत किस्म (कोई दो)

Describe the cultivation of Basil under the following headings:

A. Soil

B. Climate

C. Medicinal properties (any two)

D. Improved varieties (any two)

**प्रश्न 16.** सोयाबीन की खेती का वर्णन निम्न शीर्षकों के अंतर्गत कीजिए:

**[1+2+2=5]**

अ– वानस्पतिक नाम एवं कुल

ब– मृदा एवं जलवायु

स– किस्म (कोई चार)

Describe the cultivation of Soybean under the following headings:

A. Botanical name and family

B. Soil and climate

C. Variety (any four)

अथवा/OR

अरहर की खेती का वर्णन निम्न शीर्षकों के अंतर्गत कीजिए:

अ– वानस्पतिक नाम एवं कुल

ब– मृदा एवं जलवायु

स– किस्म (कोई चार)

Describe the cultivation of Pigeon pea under the following headings:

A. Botanical name and family

B. Soil and climate

C. Variety (any four)

**प्रश्न 17.** मान लीजिए कि आपको एक एकड़ भूमि में गेंदा की आधुनिक तकनीक से खेती करनी है निम्न बिन्दुओं पर पूरी योजना तैयार कीजिए: **[1+1+2+1=5]**

अ- वनस्पतिक नाम एवं कुल

ब- कोई दो उन्नतशील किस्में

स- खरपतवार नियंत्रण

द- कीटों के नाम (कोई दो)

Suppose you have to cultivate Marigold in one acre of land using modern technology, prepare a complete plan on the following points:

A. Botanical name & Family

B. Any two improved varieties

C. Weed control

D. Names of pests (any two)

**अथवा /OR**

मान लीजिए कि आपको एक एकड़ भूमि में गुलदाउदी (सेवंती) की आधुनिक तकनीक से खेती करनी है निम्न बिन्दुओ पर पूरी योजना तैयार कीजिए:

अ- प्रसारण की विधियों के नाम (कोई दो )

ब- कोई दो उन्नतशील किस्में

स- डिसबडिंग (कालिका तोडना)

द- रोगों के नाम (कोई दो)

Suppose you have to cultivate Chrysanthemum in one acre of land using modern technology, prepare a complete plan on the following points.

A. Name of propagation methods (any two)

B. Any two improved varieties

C. Disbudding (bud breaking)

D. Names of diseases (any two)

**प्रश्न 18.** कालिकायन क्या है? कालिकायन के कोई तीन विधियों के बारे में लिखिए। **[2+3=5]**

What is Budding? Write about any three methods of Budding.

**अथवा /OR**

**ग्राफ्टिंग क्या है? ग्राफ्टिंग के कोई तीन विधियों के बारे में लिखिए।**

What is Grafting? Write about any three methods of Grafting.

**प्रश्न 19.** **आपके विद्यालय के कृषि प्रयोगशाला के लिए नींबू का शरबत स्क्वैश तैयार करना है आवश्यक सामग्री की सूची बनाकर तथा तैयार करने की विधि को लिखिए।** **[2+3=5]**

You have to prepare lemon juice squash for Agricultural laboratory in your school. List the required ingredients and write down the preparation method.

**अथवा /OR**

**आपके विद्यालय की कृषि प्रयोगशाला में अमरूद की जैली तैयार करना है आवश्यक सामग्री की सूची बनाकर उनके तैयार करने की विधि लिखिए ।**

You have to prepare a guava jelly in the Agricultural laboratory of your school. Make a list of the required materials and write the method of preparation.